भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता का न्यायालय, सरायकेला।

अभिलेख सं0–टी0 ए0 मिस वाद सं0– 145B/2019–20

केस का प्रकार–(छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम 1908 की धारा 46(i)b)

1.सुमित्रा महतो 2. परमेश्वर महतो 3. दिनेश महतो ....आवेदक / विक्रेता

बनाम

मनोज महतो..क्रेता

दिनांक	पदाधिकारी का आदेश एवं हस्ताक्षर	अभ्युक्ति

8-07-2020

विक्रेता :– 1. सुमित्रा महतो पति स्व0 बानेश्वर महतो 2. परमेश्वर महतो पिता स्व0 श्यामापद महतो 3. दिनेश महतो पिता स्व0 श्यामापद महतो, ग्राम–मानिकबाजार, थाना–सरायकेला, जिला–सरायकेला–खरसावाँ (झारखण्ड), जाति–कुर्मी।

क्रेता :– मनोज महतो पिता जुगल महतो, ग्राम–कृष्णपुर, थाना–सरायकेला, जिला–सरायकेला–खरसावाँ(झारखण्ड) जाति–कुर्मी।

विक्रेता द्वारा दिनांक 19.12.2019 को आवेदन देकर छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम 1908 की धारा–46(i)b के तहत क्रेता मनोज महतो पिता जुगल महतो, ग्राम–कृष्णपुर, थाना–सरायकेला, जिला–सरायकेला–खरसावाँ (झारखण्ड) को निम्नलिखित भूमि बिक्री करने हेतु अनुमति माँगी गयी है :–

:: भूमि का विवरण ::

मौजा	थाना / थाना नं0	खाता सं0	प्लॉट सं0	रकवा
मानिकबाजार	सरायकेला / 286	86	449	6.5डि0

उक्त आवेदन के आलोक में अंचल अधिकारी, सरायकेला से जाँच प्रतिवेदन की माँग की गई। साथ ही साथ सर्वसाधारण को जानकारी हेतु आम ईस्तेहार निर्गत किया गया।

अंचल अधिकारी, सरायकेला का पत्रांक 523 दिनांक 16.06.2020 के द्वारा जाँच प्रतिवेदन प्राप्त है(अभिलेख के साथ संलग्न)। जाँच प्रतिवेदन के अवलोकन से स्पष्ट है कि :–

1. प्रस्तावित भूमि बिक्रेताओं के क्रमशः ससुर एवं पिता सामापदो महतो के नाम से खतियान में दर्ज है।
2. बिक्रेतागण अपने पति एवं पिता के मृत्यु उपरांत अपने हिस्से की आंशिक भूमि को बिक्री करना चाहते है।
3. प्रस्तावित भूमि बिक्री करने के पश्चात् बिक्रेता के पास रकवा–2.09एकड़ भूमि शेष बचेगा।
4. बिक्रेतागण पारिवारिक खर्च हेतु भूमि बिक्री करना चाहते है।
5. बिक्रेता एवं क्रेता दोनों एक जिला के निवासी है एवं जाति–'कुर्मी' है, जो अत्यंत पिछड़ा वर्ग के अन्तर्गत आते है।

लगातार...................2

उपरोक्त प्रतिवेदन में अंचल अधिकारी, सरायकेला ने छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम 1908 की धारा–46(i)b के तहत आवेदक को प्रस्तावित भूमि बिक्री करने की अनुमति देने की अनुशंसा किया है।

न्यायालय द्वारा दिनांक 19.12.2019 को निर्गत आम सूचना का तामिला प्रतिवेदन प्राप्त है। आज तक किसी ने कोई आपत्ति दायर नहीं की है।

अतः अंचल अधिक़ारी, सरायकेला के अनुशंसा के आलोक में बिक्रेता 1. सुमित्रा महतो पति स्व0 बानेश्वर महतो 2. परमेश्वर महतो पिता स्व0 श्यामापद महतो 3. दिनेश महतो पिता स्व0 श्यामापद महतो, ग्राम–मानिकबाजार, थाना–सरायकेला, जिला–सरायकेला–खरसावाँ (झारखण्ड) को क्रेता मनोज महतो पिता जुगल महतो, ग्राम–कृष्णपुर, थाना–सरायकेला, जिला–सरायकेला–खरसावा (झारखण्ड) को उभय पक्ष के निजी दायित्व पर ऊपर वर्णित रकवा–6.5डि0 भूमि बिक्री करने की अनुमति छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम 1908 की धारा–46(i)b के तहत दी जाती है तथा आदेश दिया जाता है कि प्रस्तावित भूमि की बिक्री सरकार द्वारा निर्धारित दर से कम में नहीं करेंगे।

लेखापित,

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
सरायकेला।

08/07/2020

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
सरायकेला।